4521

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये

TEN RUPEES

Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

NOTARY NOTARIAL NOTARIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

74AE 302037

## शपथ पत्र

### समक्ष महानिबन्धक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद

मैं मृदाँशु कुमार पुत्र स्व० श्री जसवन्त सिंह, निवासी 15/83/61 बुद्धि बिहार फेस-2, मुरादाबाद, जनपद देवरिया से समयपूर्व स्थानान्तरण के संबंध में प्रषित आवेदन दिनांक 20.12.2022 के संबंझ में शपथपूर्व कथन करता हूँ कि-

1- यह कि माननीय उच्च न्यायालय के नोटिफिकेशन संख्या 2944/एडमिन(सर्विसेस)/2023 दिनांकित 18.11.2023 के अनुपालन में मेरे द्वारा दिनांक 23.11.2023 को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय जनपद देवरिया का पदभार ग्रहण किया गया।

2- यह कि शपथकर्ता की धर्मपत्नी श्रीमती निशी सिंह पिछले कुछ वर्षों से विटिलिगो रोग से पीड़ित है तथा वह गम्भीर शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा एवं अवसाद से भी पीड़ित है। उनकी इस बिमारी का इलाज एमिल हेल्थ केयर एंड रिसर्च सेन्टर दिल्ली, कायाकल्प ग्लोबल फरीदाबाद(हरियाणा), महऋषि विटिलिगो सेन्टर दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा नैरोगेन्ट थेरेपी एवं दवाइयों द्वारा किया गया। तदोपरान्त जनपद बरेली में उनका इलाज रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज बरेली में नेरोबैंड थेरेपी एवं रस्तोगी क्लीनिक गाजियाबाद से जारी रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें लगातार उपचार की आवश्यकता है। असमयी स्थानान्तरण से उपचार बाधित हो गया है।

3- यह कि शपथकर्ता शपथकर्ता के बड़े भाई स्व० हिमांशु कुमार (कोर्ट मैनेजर अमरोहा) का हृदयाघात के कारण कुछ समय पूर्व असामयिक निधन हो गया है। शपथकर्ता के भाई के परिवार में उनकी पत्नी, एक अवयस्क पुत्री आयु लगभग 14 वर्ष जो की हाईस्कूल की छात्रा है तथा एक अवयस्क पुत्र आयु लगभग 10 वर्ष हैं जो कि पाँचवी कक्षा का छात्र है। वह सभी प्रार्थी पर पूरी तरह से निर्भर हैं तथा जनपद मुरादाबाद में शपथकर्ता के पैत्रिक आवास कर रहे है। वही से उनकी शिक्षा दीक्षा संचालित है तथा शपथकर्ता के माता- पिता का भी स्वर्गवास हो चुका है। माता-पिता एवं भाई की मृत्यु के पश्चात् प्रार्थी के दिवंगत भाई के परिवार की देख-भाल व संरक्षण की जिम्मेदारी भी शपथकर्ता पर है।

4- यह कि जनपद देवरिया की जनपद मुरादाबाद एवं कासगंज से दूरी लगभग 650 किलोमीटर से भी अधिक है। जिस कारण शपथकर्ता का जनपद देवरिया में रहकर अपनी पत्नी का उपचार एवं दिवंगत भाई के परिवार का संरक्षण तथा उनकी देखभाल करना असम्भव है। जनपद देवरिया में रहकर प्रार्थी अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने में पूर्णतः असमर्थ है।

5- यह कि जनपद देवरिया से समयपूर्व स्थानान्तरण हेतु प्रेषित अनुरोध पत्र दिनांकित 20.12.2022 में दिये गये तथ्य सही व सत्य हैं कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

यह कि उपरोक्त शपथपत्र की धारा-1 लगायत 5 तथा समयपूर्व स्थानान्तरण हेतु दिये गये आवेदन दिनांकित 20.12.2023 में सभी तथ्य मेरे निजी ज्ञान में सत्य व सही है कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। उपरोक्त शपथपत्र समयपूर्व स्थानान्तरण के समर्थन में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 08.02.2024 के अनुपालन में प्रेषित है।

ईश्वर मेरी मदद करे।

दिनांक-23.02.2024

Mridanshu Kumar 23.02.24

मृदाँशु कुमार पुत्र स्व० श्री जसवन्त सिंह
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
त्वरित न्यायालय कक्ष सं०-1,
देवरिया।

NOTARY
N. Singh
Ad-Notary Public Collectorate Deoria
GOVT. OF U.P.
23/2/24